**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**16.07.2025/प्रादेशिक समाचार/15:00बजे**

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने केंद्र सरकार से प्रदेश में प्राकृतिक आपदा से प्रभावित क्षेत्रों में राहत व पुनर्वास कार्यों के लिए उदार वित्तीय सहायता का आग्रह किया है। नई दिल्ली में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह से भेंट के दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश में भारी वर्षा और भूस्खलन से अब तक लगभग एक हजार करोड़ रूपए का नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों में प्रदेश को करीब 21 हजार करोड़ का नुकसान हो चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गृहमंत्री ने केंद्रीय टीम के निरीक्षण के बाद हरसंभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया है।

***गृहमंत्री जी ने हमें कहा कि मैं आने वाले समय में खुद भी हिमाचल का दौरा करूंगा और निश्चित तौर पर ये जो डिजास्टर हो रहा है उन्होंने अपने कंसर्न सैक्रेटरी को ये बोला कि जो क्लाउड बर्सटिंग हो रही है इस सबकी एक स्टडी करवाने की जरूरत है और क्लाइमेट चेंज के जो प्रभाव पड़ रहे हैं हिमाचल प्रदेश छोटे से राज्य में तो उस दृष्टिकोण से उसे दिखाने की जरूरत है तो एक केंद्रीय टीम जल्दी ही हिमाचल प्रदेश के दौरे पर जाएगी। जो अध्ययन करेगी क्लाउड बर्सटिंग का भी अध्ययन करेगी और जो डिजास्टर से नुकसान हुआ उसका भी अध्ययन करेगी और उसके बाद एक स्पेशल रीलिफ पैकेज की मैंने बात की है। तो माननीय गृहमंत्री ने कहा कि हमारी केंद्रीय टीम आकर जब हमें रिपोर्ट देगी तो उसके बाद हम आगे की कार्रवाई करेंगे।***

.....................................

## शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने मंडी जिला के धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के स्याठी और आसपास के अन्य आपदा प्रभावित क्षेत्रों का कल दौरा किया। उन्होंने अधिकारियों को नुकसान का सही आकलन कर राहत राशि समय पर प्रभावितों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। बाद में उन्होंने धर्मपुर आदर्श नागरिक अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ एक बैठक भी की। स्वास्थ्य मंत्री ने अस्पताल में विभिन्न सुविधाओं के लिए 47 लाख रूपए की राशि भी स्वीकृत की।

.....................................

## स्वास्थ्य शिविर

मंडी जिला के सराज में हुई भीषण प्राकृतिक आपदा से प्रभावित नागरिकों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए आयुष विभाग द्वारा 18 जुलाई को थुनाग में एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा है। इस शिविर में प्रभावित नागरिकों को आयुष पद्धति पर आधारित निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी। जिला आयुष अधिकारी डॉक्टर राजेश कुमार कालिया ने क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शिविर में भाग लें। शिविर में आयुर्वेद विशेषज्ञों की टीम द्वारा नागरिकों को आयुर्वेदिक औषधि, योग परामर्श और पोषण संबंधी सलाह भी दी जाएगी।

.....................................

**डेंगू–सोलन**

सोलन ज़िला के औद्योगिक क्षेत्र बद्दी, बरोटीवाला, नालागढ़ और परवाणु में बरसात के मौसम में डेंगू के मामले सामने आ रहे हैं। ज़िला स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर अमित रंजन तलवार ने बताया कि ई.एस.आई. परवाणु में 11 डेंगू के मामले सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग और नगर परिषद परवाणु द्वारा फॉगिंग की जा रही है और आशा कार्यकर्ता लोगों को डेंगू से बचने के उपायों के बारे में जागरूक कर रही है।

-----------------------------------

**मौसम**

प्रदेश में मानसून की वर्षा का दौर लगातार जारी है, जिससे कई स्थानों पर जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग ने प्रदेश के कई हिस्सों में 22 जुलाई तक भारी वर्षा की चेतावनी दी है। विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार 16 से 20 जुलाई तक भारी वर्षा का येलो अलर्ट और 21 व 22 जुलाई के लिए भारी से बहुत भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

-----------------------------------

**पौध रोपण**

राज्य वन विभाग ने इस बार एक हजार 8 सौ 20 हेक्टेयर भूमि पर पौधरोपण का लक्ष्य तय किया है। वन विभाग एक हजार हेक्टेयर भूमि पर पौधे रोपेगा, जबकि राजीव गांधी वन संवर्द्धन योजना के तहत 6 सौ हेक्टेयर भूमि पर पौधरोपण किया जाएगा। इसके साथ–साथ जाइका वानिकी परियोजना ने 2 सौ 20 हेक्टेयर भूमि पर पौधे रोपने का लक्ष्य रखा है, जो विभागीय और जन सहभागिता के माध्यम से पूरा होगा।

-----------------------------------

**सरकार – सर्वदलीय बैठक**

संसद के मॉनसून सत्र से पहले केंद्र सरकार ने रविवार 20 जुलाई को एक सर्वदलीय बैठक बुलाई है। इस बैठक के दौरान, सरकार संसद के दोनों सदनों के सुचारू संचालन के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग मांगेगी। मॉनसून सत्र 21 जुलाई से 21 अगस्त तक चलेगा। सत्र के दौरान, कई महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा और पारित होने की संभावना है।

-----------------------------------